



## एक नजर में

### गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन शुरू

**रतलाम।** उप सचिव म.प्र. शासन खाद्य, नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के आदेशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-2027 में गेहूं उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन करने हेतु जिला उपार्जन समिति के प्रस्ताव के आधार पर अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा जिले में पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए है। इन केन्द्रों पर पंजीयन प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक किया जाएगा।

### एनसीसी की पिपिंग सेरेमनी आयोजित

**रतलाम।** 21 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, रतलाम द्वारा एनसीसी अधिकारी को पदोन्नत करने हेतु पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। उक्त सेरेमनी में कर्नल राघवेन्द्र सिंह, कमान अधिकारी तथा कर्नल संदीप अहलावत, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा विभिन्न एनसीसी अधिकारीयों के कंधो पर उन्नत रैंक लगाकर पदोन्नत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एस/ओ जाकिर खान को एफ/ओ के पद तथा टी/ओ सोहनसिंह बारिया, टी/ओ चंद्रप्रकाश सोलंकी, टी/ओ राकेश हरोड़, टी/ओ कंवलजीत सिंह गंभीर, टी/ओ संदीप, टी/ओ सादात खान, टी/ओ राहुल दीक्षित, टी/ओ मुन्नेश बघेल, टी/ओ गौरव चैहान को एस/ओ की रैंक पर पदोन्नत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए प्रेषित की गई। इस कड़ी में रविन्द्र पुष्पद, सहायक ग्रेड-3 को उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा तथा सत्यनिष्ठा से कार्य करने पर ''महानिदेशक प्रशंसा-पत्र'' राष्ट्रीय कैडेट कोर, नई दिल्ली द्वारा प्राप्त हुआ जिसे कर्नल राघवेन्द्र सिंह तथा कर्नल संदीप अहलावत द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं मेडल लगाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कैडेटस राजेश मावी तथा जया महार को पर्वतारोहण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुबेदार मेजर जयपाल सिंह, सुबेदार कालीचरण, सुबेरार गोपाल लाल, सुबेदार सरताज आलम, हवलदार अजय कुमार रावत, हवलदार कृष्ण कुमार, हवलदार राजेश कुमार यादव तथा अन्य पीआई स्टॉफ व सिविलियन स्टॉफ उपस्थित रहें।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धराड़ पर कुष्ठ स्व सुरक्षा शिविर का आयोजन



**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसेरे ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश मण्डलोई एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ.सत्येंद्र राजावत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धराड के मार्गदर्शन मे जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धराड ब्लाक रतलाम मे कुष्ठ रोगी के विकृति से बचाव हेतु पी ओ डी केम्प (स्व रक्षा शिविर) का आयोजन किया गया। इस शिविर मे रोगियों को जल तेल उपचार एवं कसरत प्रियंका हेराल्ड एवं शरद शुक्ला एन.एम.ए ने करवाया एवं रोगीयो को टब, पटीया, एम सी आर एवं सेल्फ केयर कीट दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ जय श्री पाटीदार, डॉ तनीशा मनसुखानी, श्वेता सौलंकी, मधु गोयल, चन्दा कुवर, सोनालीका आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे एवं सेक्टर सुपरवाइजर, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता एवं संस्था के कर्मचारी का सहयोग रहा।

### कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर, ग्राम पंचायतों में किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, आत्मा, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों को दी जा रही। आज 09 फरवरी को विकासखंड आलोट के मिनावदा, कालूखेड़ी, डेलवासा, खारवाकला विकासखंड बाजना के तम्बोलिया, गुजरपड़ा, कोटड़ा विकासखंड सैलाना के बावड़ी, तालाबबोर्डि विकासखंड रतलाम के कनेरी, मोरवानी, तितरी विकासखंड जावरा के डुमाहेड़ा, गुर्जर बर्डिया, निम्बोदिया में कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, पराली न जलाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, के संबंध में कृषकों को जानकारी दी गई। 10 फरवरी को विकासखंड आलोट के दौलतगंज, पिपलिया तुखार, लूनी, निपानिया लीला विकासखंड बाजना के गडावदिया, डाबडी, रानीसिंग विकासखंड सैलाना के बायड़ी, बाशिंदा विकासखंड रतलाम के करमदी, बडोदिया, नायन विकासखंड जावरा के लोद, बर्डिया गोयल, खजुरिया में रथ भ्रमण करेगा। किसान भाई इन पंचायतों में सम्मिलित होकर उक्त योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# गड्ढा खोदने में पड़ोसी की दीवाल गिरी, मजदूर दबा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कोठारीवास में सोमवार दोपहर को मकान निर्माण कार्य के दौरान हादसा हो गया। मकान के लिए गड्ढे की खुदाई का कार्य किया जा रहा

**कोठारी वास में हुआ हादसा, मजदूर के गंभीर घायल होने पर इन्दौर रैफर**

था। इस दौरान पड़ोसी के मकान दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में काम कर रहा मजदूर बद गया। वहीं चौकीदार की पत्नी व अन्य को चोंट आई।

कोठारी वास स्थित एमएलबी स्कूल के सामने तरूण पिता मनोहरलाल जैन निवासी रतलाम व हाल मुकाल जखनावदा झाबुआ के मकान का निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं। यहां दिनेश पलसोड़ी निवासी राजपुरा माताजी समीप ग्राम



चिल्लर का मजदूर मकान के लिए गड्ढा खोद रहा था। इस दौरान उस पर पड़ोस की दो मंजिला कच्ची दीवार भरभरा कर अचानक गिर गई। जिससे मजबूर मलबे में दब गया। वही काम कर रहे मजदूरों और आसपड़ोस के रहवासियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद मजदूर को गंभीर अवस्था में बाहर निकाला। घायल मजदूर को तुरंत मेडिकल कॉलेज भेजा। जहा डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल मजदूर को जांच कर इंदौर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम आर्ची हरित, शहर के सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया और माणक चौक थाना प्रभारी पतिराम डावरे के साथ एसडीआरएफ की टीम घटना स्थल पहुंचे। पुलिस के अनुसार जिस मकान की दीवार ढही है वह दो मंजिला मकान खंडहर व खाली मकान हैं। यह मकान जितेन्द्र ओझा का बताया जा रहा हैं।

**लोगों की मदद से बाहर निकाला**

दीवार गिरते ही आसपास के लोग व राहगीर रूक गए। मौके पर पुलिस व नगर निगम के अधिकारी भी पहुंचे। लोगों की मद से मलबे में दबे मजदूर को बाहर निकाला गया। उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बताया जा रहा है कि हादसे में चौकीदार की पत्नी व भतीजी को भी चौंट आई हैं। जिनको जिला अस्पताल में उपचार दिया गया।

## आज से बोर्ड परीक्षा, 2लाख 7 हजार 402 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2026 की परीक्षाएं आज से शुरू होगी। आज कक्षा 12 का परीक्षा पत्र होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को तय समय से पूर्व केन्द्र पर पहुंचना होगा।

जिले में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2026 जिले के 58 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें यह परीक्षार्थी आज परीक्षा देंगे। इसके पूर्व परीक्षा के लिए बनाए गए जिले में समन्वयक संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम में परीक्षा को लेकर गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण शुक्रवार को हुआ। अधिकारियों की मौजूदगी में सीलबंद बॉक्सों में साग्रमी को वितरित किया गया।

सामग्री वितरण से पूर्व सर्वप्रथम सभी केंद्राध्यक्षों, सहायक केंद्राध्यक्षों एवं रिजर्व केंद्राध्यक्षों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों से समन्वयक प्राचार्य सुभाष कुमावत द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अनीता सागर ने परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने, नियमों के सख्त अनुपालन एवं व्यवस्थित एवं निष्पक्ष संचालन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। हायर सेकेंडरी परीक्षा 10 फरवरी से एवं हाई स्कूल परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी जिसमें 27402 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

## पुलिस गुम हुए 6 मोबाईल मालिकों को लौटाए

**रतलाम।** पुलिस ने गुम हुए 6 मोबाइलों को उनके मालिकों को लौटाए। एसपी के निर्देश पर यह कार्रवाई जिले की सरवन पुलिस ने की हैं। गुम मोबाईल जिला रतलाम, बांसवाडा राजस्थान से बरामद एसपी अमित कुमार द्वारा आमजन के मोबाईल गुम होने से हुए आर्थिक नुकसान को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार द्वारा लाँच सीईआईआर पोर्टल की सहायता से गुम/खोये मोबाईल की रिकवरी हेतु निर्देशित किया गया है, जो निर्देशो के पालन में एएसपी राकेश खाखा एवं एसडीओपी सुश्री निलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरवन निरीक्षक अर्जुन सेमलिया व टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त जानकारी के आधार पर सायबर सेल रतलाम की मदद से थाना सरवन क्षेत्र में गुम हुए ओप्पो, विवो एवं टैक्नो नामी अन्य नामी कम्पनीयो के कुल 6 एंड्राइड मोबाईल किमती करीबन 1,13,998/- रुपये के जिला रतलाम, बांसवाडा राजस्थान से बरामद कर संबंधित मोबाईल धारको को लौटाये गये है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कई लोगों को अपने गुम हुए मोबाहल लौटाए जा चुके हैं।

**सराहनीय भूमिका**

निरीक्षक अर्जुन सेमलिया थाना प्रभारी सरवन, प्रआर विजय सिंह शेखावत, आर. हिम्मत सिंह राठौर (असूचना संकलन), गजपाल सिंह राठौर (सीईआईआर पोर्टल आपरेटर), विमल निनामा, सादिक मंसुरी की सराहनीय भूमिका रही।

## मजदूरी के रुपयों की बात को लेकर की मारपीट

**रतलाम।** मजदूरी के रुपयों की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम ईमलीपाड़ा खुर्द में राकेश पिता हुकिया भूरिया उम्र 30 वर्ष का मजदूरी के रुपयों की बात को लेकर रामचंद्र पिता कालिया भूरिया से विवाद हो गया। विवाद में रामचंद्र ने पत्नी दुर्गा के साथ मिलकर राकेश के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## 30 मिनिट में 5हजार पौधे रोपने का नगर निगम ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**रतलाम।** अमृत हरित अभियान व ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम के तहत नगर निगम रतलाम द्वारा राम मंदिर से आरो आश्रम लगभग 2.5 किलोमीटर

**महापौर को वर्ल्ड रिकार्ड के सर्टीफिकेट किए प्रदान**

लम्बाई के रोड डिवाईडर पर सबसे तेज 30 मिनिट में 5000 पौधे रोपने का वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के सर्टीफिकट वेब वर्ल्ड रिकार्ड व लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा महापौर प्रहलाद पटेल को प्रदान किये।



ज्ञातव्य है कि 4 अक्टूबर 2025 को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम् उद्यम मंत्री एवं विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी, स्वंय सेवी संस्था तथा नागरिकों ने राम मंदिर से आरो आश्रम तक के रोड़ डिवाईडर में एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर 30 मिनिट में विभिन्न प्रजातियों के 5000 पौधो का रोपण किया था।

महापौर प्रहलाद पटेल को सर्टीफिकेट प्रदान करने के अवसर पर जनप्रतिनिधि व वेब वर्ल्ड रिकार्ड व लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के पदाधिकारी उपस्थित थे।




## प्रदर्शनी में बच्चों की मेरी सीख की कॉपियां रही आकर्षण का केन्द्र

**रतलाम।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशन में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय अनुभव साझाकरण एवं सम्मान कार्यशाला का आयोजन माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, बाजना रतलाम में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला जनजातीय कार्य विभाग से सहायक आयुक्त श्रीमती रंजना सिंह एवं सहायक संचालक सुश्री प्रीति जैन उपस्थित थे।

सहायक आयुक्त द्वारा सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड सैलाना के कन्या आश्रम शिवगढ़ एवं बाजना विकासखंड के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय भड़ान कला में की गई विजिट का फीडबैक भी कार्यशाला के दौरान प्रस्तुत किया गया एवं सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम अंतर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों द्वारा अपने प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए तथा शिक्षकों द्वारा सक्षम कार्यक्रम से जुड़े अपने अनुभव साझा किए गए। सहायक आयुक्त श्रीमती रंजना सिंह द्वारा सक्षम प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जिसमें उन्होंने बच्चों की मेरी सीख की कॉपियां, मेरी सीख की दीवार बीएमएस चार्ट, स्टडी कॉर्नर, बाल कैबिनेट सहित सक्षम के सभी कॉम्पोनेंट्स देखें एवं उनकी प्रशंसा की। कन्या शिक्षा परिसर बाजना की छात्राओं ने सक्षम जीवन कौशल से जुड़े अपने अनुभव, सीख एवं प्रस्तुतियाँ अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर सक्षम जिला कार्यक्रम प्रबंधक रवि प्रताप सिंह तोमर द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एवं वर्ष 2025-26 की जिला स्तरीय सक्षम कार्यक्रम प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

कार्यशाला में सैलाना एवं बाजना विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) चयनित शिक्षकगण, सीएसी मास्टर ट्रेनर्स, कन्या शिक्षा परिसर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य, सक्षम टीम से क्षेत्रीय प्रबंधक नागुलाल हाड़ा एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रबंधक गौरव पांडे उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन सक्षम मास्टर ट्रेनर सुश्री लीना राठौर एवं डॉ. अंजुम खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड प्रबंधक योगेंद्र सिंह एवं संजय राठौर द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया।

## संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश

**रतलाम।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल, संकल्प से समाधान अभियान एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गये। बैठक मे सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण एल-1 स्तर पर ही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये। सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों मे शिकायतकर्ता से बात करके समाधानकारी जवाब पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गये। जिले मे शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए सभी अधिकारियों को भ्रमण के दौरान स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

## जिला प्रभारी बनने पर शैलेन्द्र डागा का किया सम्मान



**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

इस नियुक्ति पर कुशाभाऊ ठाकरे मंडल ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे श्री डागा का स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विप्लव जैन, ठाकरे मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, मंडल महामंत्री भूपेंद्र कावडिया एवं निखिल बोरीवाल सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

### प्लास्टिक व डिस्पोज़ल में गर्म खाद्य, पेय पदार्थ का सेवन हानिकारक

**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जावरा और जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम के संयुक्त प्रयासों से महाविद्यालय में मुँह के केंसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता, कॉस्मेटोलॉजिस्ट, कोमल ऊतकों के लेजर उपचार में विशेषज्ञ व पैरामेडिकल कॉलेज बैंगलोर में विभागाध्यक्ष, डॉ. बरखा भट्ट ने मुँह के कैंसर से बचाव के बारे में बताया। उन्होंने प्लास्टिक व डिस्पोज़ल में गर्म खाद्य व पेय पदार्थ के सेवन को हानिकारक बताया। आपने बताया कि कैंसर के लगभग एक-तिहाई मामलों को केवल अपनी जीवनशैली में बदलाव करके रोका जा सकता है। प्राचार्य डॉ एपीजे पठान ने विद्यार्थियों से जन-जन तक मुँह के केंसर के प्रति जागरुकता फैलाने की बात की। संस्था संरक्षक राजेन्द्र कुमार जोशी, पं विजय शर्मा, डॉ विद्या तिवारी, डॉ आभा सक्सेना, प्रो संगीता जटिया, लवकुश पाटीदार, डॉ .दुष्यन्त सिंह भदौरिया व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहभागिता की। तकनीकि सहयोग प्रो.अहमद अली खान व आरती छोटाना ने दिया। संचालन डॉ भावना भट्ट ने किया।



## नवनियुक्त सीएसी एवं बीएसी की स्वागत बैठक संपन्न, दी महत्वपूर्ण जानकारी

**जावरा।** जनपद शिक्षा केंद्र में नवनियुक्त क्लस्टर अकादमिक समन्वयक (सीएसी) एवं ब्लॉक अकादमिक समन्वयक (बीएसी) की स्वागत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी नवनियुक्त समन्वयकों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ दी गईं।

इस अवसर पर खंड स्रोत केंद्र समन्वयक राजेश भावसार द्वारा जन शिक्षक व खंड अकादमिक समन्वयक की भूमिका, दायित्व एवं अपेक्षित कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षक सहयोग, विद्यालयों का नियमित शैक्षणिक अवलोकन तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में समन्वयकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में अकादमिक सुदृढ़ीकरण, गणवेश, यू डाइस, वाश आन व्हील्स, परीक्षा एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन पर विशेष चर्चा की गई। पूर्व खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जावरा ब्लॉक अकादमिक कार्य में हर पैरामीटर पर जिले में अग्रणीय रहा है। अंत में सभी नवनियुक्त सीएसी व बीएसी को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। बैठक में खंड अकादमिक समन्वयक जन शिक्षक एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे।

**परेशानी** | रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय स्टेट बैंक को पिछले डेढ़ वर्षों से नहीं दिए जा रहे सिक्के तथा 10 और 20 के नोट

# जावरा में दिनोदिन बढ़ती जा रही सिक्कों एवं छोटे नोटों की किल्लत

**नवभारत न्यूज़**

**जावरा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों 10, 20 के नोटो के साथ 5, 10, 20 रुपये के सिक्कों की किल्लत महसूस हो रही है। जिसका मुख्य कारण बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं की इस समस्या का निराकरण नहीं किया जाना है। छोटे नोटो व सिक्को की किल्लत के कारण ग्राहक और व्यापारी दोनों परेशान हो रहे हैं। उपभोक्ताओं को बैंकों द्वारा स्पष्ट मना कर दिया जाता है कि, अधिकारियों का जवाब रहता है कि जब तक रिजर्व बैंक से हमारे पास सिक्के और नोट नहीं आएंगे, तब तक हम नहीं दे पाएंगे। जानकारी के अनुसार रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय स्टेट बैंक को पिछले डेढ़ वर्षों से पांच, 10 के सिक्के तथा 10 और 20 के नोट नहीं दिए जा रहे हैं। इसके कारण बैंक भी उपभोक्ताओं को उक्त सिक्के तथा नोट देने में असमर्थतथा व्यक्त कर रहे हैं। बाजार से धीरे-धीरे सिक्के और नोट गायब होते जा रहे हैं और परेशानी बढ़ती जा रही है। शादी-ब्याह का मौसम चल रहा है। लोग 10 और 20 के नोट की फ्रेश गड्डी



लेने के लिए भटक रहे हैं। मजबूरी में कटे-फटे पुराने नोट बाजार में व्यापारियों को लेना पड़ रहे हैं।

**नहीं मिल रहे फ्रेश नोट:** 10 व 20 के नोट नहीं आ रहे हैं। जिनके पास पुराने नोट है, वही बाजार में दिख रहे हैं। नए व फ्रेश नोट गत डेढ़-दो वर्षो से नहीं चलन में रहे हैं। पांच व 10 रुपये के सिक्कों का बाजार में अभाव होने लगा है। सिक्कों की किल्लत बढ़ती जा रही है। सैलून व्यवसायी गोपाल सेन, परमार ने बताया कि बाजार में खुले रुपये आसानी से नहीं मिल पा रहे हैं। मिल भी रहे तो वह कटे-फटे पुराने नोट मिल रहे हैं। गत डेढ़ वर्षों से 10, 20 रुपये के नए नोट तथा पांच, 10 रुपये के सिक्के रिजर्व बैंक द्वारा नहीं दिए जा रहे हैं। इसके कारण हम उपभोक्ताओं को नहीं दे पा रहे हैं।

### एक व 2 के सिक्के के लिए बनता है दबाव

शहर के होटल संचालक बताते है कि स्टेट बैंक में चिल्लर लेने के लिए जब गए तो 10 के सिक्कों के साथ एक व दो रुपए के सिक्कों का दबाव बनाया। 1 व 2 के सिक्के नहीं लेने पर 10 व 5 के सिक्के मुझको नहीं दिए गए। ग्राहकों से रोज होता है हमारा विवाद खुल्ले पैसों को लेकर दुकान पर आए ग्राहकों से कहासुनी होती है। हम होटल चला रहे है। 10 की कचोरी या समोसा हम लोग देते हैं तो ग्राहक 500 का नोट देते हैं जिनके खुले तो हम कर देते हैं परंतु कई बार 10 व 5 के सिक्कों की किल्लत होती है इस वजह से काफी परेशानियां हो रही है। दुकान पर सुबह के समय सब्जी लेने आने वाले ग्राहक को खुल्ले पैसे नहीं होने से सामान देने के लिए मना करना पड़ता है क्योंकि खुले पैसे सुबह-सुबह नहीं मिल पाते हैं। बैंकों के चक्कर लगाने के बाद भी हमें चिल्लर उपलब्ध नहीं हो रही है। बैंकों को 10 और 5 के सिक्के बांटने के लिए एक अलग से काउंटर लगाना चाहिए ताकि सुविधा मिल सके।